# Message from Director (Power)



Vigilance Awareness Week reminds us that integrity, transparency, and accountability are not only ethical values but also are essential drivers of excellence in our business. In an enterprise like ours, where the execution of large and complex power sector projects directly impacts national growth and the lives of millions, our commitment to these principles should be of the highest degree and unwavering.

Milestones are not just numbers on a chart—they are stories of hard work, discipline, dedication, and values put into action. Each time we commission a project or meet a critical deadline, we prove that prowess becomes power and power brings in progress wherein, integrity guides our journey, transparency shapes our process, and accountability anchors our results.

Our recent milestones remind us of what is possible when dedication, discipline, and values work together. But we cannot rest on past laurels. The projects ahead demand even greater synergy, sharper focus, and stronger ownership from all of us. Let us treat every stage of project execution—planning, procurement, construction, commissioning—not as routine tasks, but as opportunities to showcase excellence powered by ethics.

Every project we undertake is a responsibility entrusted to us by the nation. Delivering them on time, with quality, requires us to work in a culture that rejects shortcuts, avoids compromises and embraces honesty at every level. Vigilance is not just the function of one department—it is a shared responsibility that each of us carries in our day-to-day decisions and actions.

As we observe Vigilance Awareness Week 2025, let us reaffirm our pledge to uphold the highest standards of conduct in all our dealings. By fostering transparency in processes, ensuring accountability in execution, and nurturing integrity in our professional and personal lives, we can build an organization that commands trust and sets benchmarks for others to follow.

Together, let us strive to make integrity a way of life and transform our values into visible results—efficient projects, satisfied stakeholders, and a stronger, self-reliant India.

**(Tajinder Gupta)**
Director (Power)

# निदेशक (पावर) का संदेश



सतर्कता जागरूकता सप्ताह हमें याद दिलाता है कि सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही न केवल नैतिक मूल्य हैं, बल्कि हमारे व्यवसाय में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अत्यंत आवश्यक भी हैं। हमारे जैसे उद्यम में, जहाँ बड़े और जटिल विद्युत क्षेत्र के प्रोजेक्टस का निष्पादन सीधे तौर पर राष्ट्रीय विकास और लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करता है, इन सिद्धांतों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता उच्चतम और अटूट होनी चाहिए।

माइलस्टोन्स केवल चार्ट पर संख्याएँ नहीं हैं—ये कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और मूल्यों के अनुरूप किए गए अथक प्रयासों का परिणाम हैं। हर बार जब हम कोई परियोजना कमीशन करते हैं या निर्धारित समयसीमा के तहत किसी कार्य को पूरा करते हैं, तो हम यह प्रमाणित करते हैं कि योग्यता से ही शक्ति आती है और शक्ति से प्रगति आती है। इस पूरी यात्रा में, सत्यनिष्ठा हमारा मार्गदर्शन करती है, पारदर्शिता हमारी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करती है और जवाबदेही से हमें अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं।

हमारे हालिया माइलस्टोन्स हमें याद दिलाते हैं कि जब हमारे प्रयासों में समर्पण, अनुशासन और मूल्यों का समावेश होता है तो कठिन से कठिन कार्य भी संभव हो जाता है। लेकिन हमें पिछली उपलब्धियों पर ही नहीं रुकना है। आगामी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए हम सबको अधिक तालमेल और एकाग्रता से काम करना होगा और अपने कार्य को पूरी तरह अपनाना होगा। आइए, हम परियोजना निष्पादन के हर चरण—चाहे वह योजना, खरीद, निर्माण, या कमीशनिंग हो— को सिर्फ़ नियमित कार्य नहीं, बल्कि नैतिकता से प्रेरित उत्कृष्टता प्रदर्शित करने के अवसर के रूप में देखें।

हमारे द्वारा शुरू की गई प्रत्येक परियोजना राष्ट्र द्वारा हमें सौंपी गई एक जिम्मेदारी है। उन्हें समय पर, गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए हमें एक ऐसी संस्कृति विकसित करनी होगी जहां शॉर्टकट के लिए कोई जगह न हो, गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और हर स्तर पर ईमानदारी हो। सतर्कता केवल एक विभाग का कार्य नहीं है—यह एक साझा जिम्मेदारी है जिसे हम सबको अपने दिन-प्रतिदिन के निर्णयों और कार्यों में निभाना है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाते हुए, आइए हम अपने सभी कार्यों एवं व्यवहारों में श्रेष्ठतम आचरण प्रदर्शित करने की अपनी प्रतिज्ञा को पुनः स्मरण करें। अपनी सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को बढ़ावा देकर, निष्पादन में जवाबदेही सुनिश्चित करके और अपने व्यावसायिक और व्यक्तिगत जीवन में सत्यनिष्ठा का पालन करके, हम एक ऐसा संगठन बना सकते हैं जो सबका विश्वास अर्जित कर सके और दूसरों के लिए अनुकरणीय मानदंड स्थापित कर सके।

आइए, हम मिलकर सत्यनिष्ठा को अपने जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बना लें और अपने मूल्यों को प्रत्यक्ष परिणामों में बदलने का प्रयास करें— जैसे कि परियोजनाओं को कुशलतापूर्वक पूरा करना, स्टेकहोल्डरों की संतुष्टि और एक मज़बूत, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण।

**(तजिन्दर गुप्ता)**
निदेशक (पावर)